HJU

# हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय

HARIDEV JOSHI UNIVERSITY OF JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION

**क्रमांकः प.5(33)एचजेयू/प्रशा/मीटिंग/वि.प.वि.–IV/2023/** 19337 **दिनांकः** 03.02.2023

## विद्यापरिषद् की विशेष–चतुर्थ बैठक दिनांक 03.02.2023 का कार्यवृत्त

हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर अधिनियम 2019 की धारा 25 के अन्तर्गत गठित विद्यापरिषद् की विशेष–चतुर्थ बैठक दिनांक 03.02.2023 को 03:00 बजे ''मन्थन'' सभागार, द्वितीय तल, सर्वेपल्ली राधाकृष्णन शिक्षा संकुल, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर में आयोजित की गई। बैठक में विद्यापरिषद् के उपस्थित पदाधिकारियों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र.सं. | उपस्थित पदाधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. सुधि राजीव | कुलपति एवं अध्यक्ष विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |
| 2. | श्रीमती अलका सक्सेना | अतिरिक्त निदेशक एवं नाम निर्देशित प्रमुख सचिव सूचना और जनसम्पर्क विभाग एवं सदस्य विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |
| 3. | डॉ. फिरोज अख्तर | संयुक्त सचिव एवं नाम निर्देशित प्रभारी सचिव उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग एवं सदस्य विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |
| 4. | डॉ. राजेश कुमार व्यास | कुलाधिपति द्वारा मनोनीत सदस्य विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |
| 5. | श्री ओम सैनी | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |
| 6. | डॉ. ऋचा यादव | संकायाध्यक्ष, पत्रकारिता संकाय एवं संयोजक BoS, मीडिया ऑर्गेनाइजेशन एण्ड पब्लिक रिलेशंस विभाग एवं सदस्य विद्यापरिषद, एचजेयू, जयपुर |
| 7. | डॉ. अनिल कुमार मिश्र | संकायाध्यक्ष, जनसंचार संकाय एवं संयोजक BoS, डवलपमेंट कम्यूनिकेशन विभाग एवं सदस्य विद्यापरिषद, एचजेयू, जयपुर |

| | | |
|---|---|---|
| ८. | डॉ. रतन सिंह शेखावत | संयोजक BoS, मीडिया स्टडीज विभाग एवं विशेष आमन्त्रित सदस्य, विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |
| 9. | श्रीमती गरिमा श्री | संयोजक BoS, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग एवं विशेष आमन्त्रित सदस्य, विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |
| 10. | डॉ. अजय कुमार सिंह | संयोजक BoS, BA-JMC एवं विशेष आमन्त्रित सदस्य, विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |
| 11. | श्री अबु सुफ़ियान चौहान | कुलसचिव, एचजेयू एवं सदस्य सचिव, विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |

बैठक का आरम्भ कुलसचिव महोदय द्वारा कुलपति महोदया सहित विद्यापरिषद् के विभिन्न पदाधिकारियों के स्वागत के साथ किया गया। तदुपरान्त विश्वविद्यालय अधिनियम में उल्लिखित विद्यापरिषद् के कृत्यों/शक्तियों के अनुसार विशेष बैठक में कार्यसूची (एजेंडा) पर बिन्दुवार विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पारित निर्णयों का कार्यसूचीवार विवरण निम्नानुसार है :-

| कार्य सूची संख्या | कार्य का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|
| विशेष 4-(i) | विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक एवं वरीयता निर्धारण के नियमों से संबंधित आदेश पर विचार एवं अनुमोदन हेतु प्रस्ताव। |
| | <u>व्याख्या</u> : कार्यालय आदेश क्रमांक 19102 दिनांक 23.01.2023 द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्ययोजनाओं के लिए प्रथम दीक्षांत समारोह में वितरित किए जाने के लिए स्वर्णपदक, वरीयता प्रमाण-पत्र आदि के नियम एवं प्रारूप निर्धारण हेतु एक समिति गठित की गई थी। समिति ने दिनांक 24.01.2023 को बैठक आयोजित कर अपनी अनुशंसाएँ प्रस्तुत की, जिनके कुलपति महोदय के अनुमोदन अनुरूप आदेश क्रमांक 19184 दिनांक 25.01.2023 जारी किया जाता गया है। इस आदेश में स्नातक व स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्य-योजनाओं में स्वर्ण पदक एवं वरीयता निर्धारण के नियम नियत किए गए हैं। यह आदेश विद्यापरिषद् के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |

| | |
|---|---|
| | **संकल्प / निर्णय**<br>विद्यापरिषद के सदस्यों द्वारा आदेश का सामान्यतः अनुमोदन किया गया, परन्तु गहन चर्चा उपरांत प्रथम दीक्षान्त समारोह में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किए जाने हेतु criteria for award of Gold Medal के बिन्दु संख्या (viii) एवं criteria for award of Merit के बिन्दु संख्या (iv) में उल्लिखित 'न्यूनतम दस डिग्री –योग्य विद्यार्थियों' पर स्वर्ण पदक एवं वरीयता निर्धारण किए जाने के संबंध में नियमों में शिथिलन कर, प्रथम दीक्षान्त समारोह के लिए डिप्लोमा/पीजी डिप्लोमा के अतिरिक्त, अन्य पाठ्य-योजनाओं में डिग्री योग्य विद्यार्थियों की न्यूनतम संख्या से अप्रभावित रहते हुए सभी पाठ्ययोजनाओं में स्वर्णपदक एवं वरीयता निर्धारण किया जाना स्वीकृत किया गया। |
| विशेष 4-(ii) | विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक के विशिष्ट मानकों एवं वरीयता प्रमाण-पत्र के प्रारूप पर विचार एवं अनुमोदन हेतु प्रस्ताव। |
| | **व्याख्या :**<br>कार्यालय आदेश क्रमांक 19102 दिनांक 23.01.2023 द्वारा गठित समिति की दिनांक 24.012023 की बैठक के कार्यवृत में विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक के विशिष्ट मानकों एवं वरीयता प्रमाण-पत्र के प्रारूप के संबंध में अनुशंसा की गई है। तदनुसार उक्त कार्यवृत्त विद्यापरिषद के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |
| | **संकल्प / निर्णय**<br>समिति के कार्यवृत्त एवं विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक के विशिष्ट मानकों एवं वरीयता प्रमाणपत्र के प्रारूप का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। यह भी तय किया गया कि वरीयता प्रमाण-पत्र में माता व पिता का इसी क्रम में नाम भी उल्लिखित हो। |
| विशेष 4-(iii) | प्रथम दीक्षांत समारोह में वर्ष 2021 व 2022 की अंतिम परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताओं एवं वरीयता प्रमाणपत्र प्राप्तकर्ताओं की सूचियों पर विचार एवं अनुमोदन हेतु प्रस्ताव। |
| | **व्याख्याः**<br>वर्ष 2021 व 2022 की अंतिम परीक्षाओं में कुल चार पाठ्य योजनाओं में आदेश क्रमांक 19184 दिनांक 25.01.2023 के अनुरूप विश्वविद्यालय स्वर्णपदक प्राप्तकर्ताओं एवं वरीयता प्रमाण पत्र प्राप्तकर्ताओं की सूचियाँ (परिशिष्ट-1 पर संलग्न) विद्यापरिषद् के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |

| | |
|---|---|
| | **<u>संकल्प / निर्णय</u>**<br>सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से स्वर्णपदक प्राप्तकर्ताओं एवं वरीयता प्रमाण-पत्र प्राप्तकर्ताओं की 4 सूचियों का अनुमोदन किया गया तथा एजेंडा बिंदु 4(i) के निर्णयानुरूप पीजी डिप्लोमा को छोड़कर शेष पाठ्य-योजनाओं जिनमें डिग्री-योग्य विद्यार्थियों की संख्या-10 से कम है, के लिए भी स्वर्ण पदक एवं वरीयता प्रमाण-पत्र प्राप्तकर्ताओं की अस्थायी सूचियों को वैबसाइट पर प्रदर्शित कर तीन दिवस में आपत्तियाँ मांगे जाने तथा तद्नुरुप अंतिम सूचियों की स्वीकृति हेतु कुलपति महोदया को अधिकृत किया गया। |
| विशेष 4-(iv) | दीक्षान्त समारोह / डिग्री के शुल्क निर्धारण के संबंध में आदेश का अनुसमर्थन। |
| | **<u>व्याख्याः</u>**<br>दिनांक 02.03.2023 को विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षान्त समारोह आयोज्य है, जिसमें वर्ष 2020, 2021 व 2022 की अंतिम परीक्षा-उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण-पत्रों का वितरण किया जाना है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क संरचना में दीक्षान्त समारोह या डिग्री के शुल्क का उल्लेख नहीं रहा है।<br>अतः उक्त विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह/डिग्री का शुल्क रु. 700/- निर्धारित कर, इसे दीक्षांत समारोह के लिए पंजीकरण से पूर्व जमा करवाने का आदेश क्रमांक 19105 दिनांक 24.01.2023 जारी किया गया है। यह आदेश विद्यापरिषद के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |
| | **<u>संकल्प / निर्णय</u>**<br>सर्वसम्मति से आदेश का अनुसमर्थन किया गया। |

# हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय

HARIDEV JOSHI UNIVERSITY OF JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION

कुलपति महोदया ने विद्यापरिषद के सभी सदस्यों को दिनांक 02.03.2023 को आयोज्य विश्वविद्यालय प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थिति हेतु आग्रह किया।

अन्त में बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई । बैठक के कार्यवाही विवरण पर सहमति के हस्ताक्षर निम्नानुसार हैं :

| क्र.सं. | उपस्थित पदाधिकारी का नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रो. सुधि राजीव | कुलपति एवं पदेन अध्यक्ष विद्यापरिषद, एचजेयू, जयपुर | Sudhi Rajiv 3/2/23 |
| 2 | श्रीमती अलका सक्सेना | अतिरिक्त निदेशक एवं नामनिर्देशित प्रभारी सचिव सूचना और जनसम्पर्क विभाग एवं सदस्य विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर | 3/2/23 |
| 3 | डॉ. फिरोज अख्तर | संयुक्त सचिव एवं नाम निर्देशित प्रभारी सचिव उच्च शिक्षा (ग्रुप-4) विभाग एवं सदस्य विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर | 03.02.2023 |
| 4 | डॉ. राजेश कुमार व्यास | कुलाधिपति द्वारा मनोनीत सदस्य विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर | |
| 5 | श्री ओम सैनी | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर | |
| 6 | डॉ. ऋचा यादव | संकायाध्यक्ष, पत्रकारिता संकाय एवं सदस्य विद्यापरिषद, एचजेयू, जयपुर | |
| 7 | डॉ. अनिल कुमार मिश्र | संकायाध्यक्ष, जनसंचार संकाय एवं सदस्य विद्यापरिषद, एचजेयू, जयपुर | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | डॉ. रतन सिंह शेखावत | संयोजक BoS, मीडिया स्टडीज विभाग एवं विशेष आमन्त्रित सदस्य, विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर | |
| 9 | श्रीमती गरिमा श्री | संयोजक BoS, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग एवं विशेष आमन्त्रित सदस्य, विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर | Garima |
| 10 | डॉ. ऋचा यादव | संयोजक BoS, मीडिया ऑर्गेनाइजेशन एण्ड पब्लिक रिलेशंस विभाग एवं विशेष आमन्त्रित सदस्य, विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर | |
| 11 | डॉ. अनिल कुमार मिश्र | संयोजक BoS, डवलपमेंट कम्यूनिकेशन विभाग एवं विशेष आमन्त्रित सदस्य, विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर | |
| 12 | डॉ. अजय कुमार सिंह | संयोजक BoS, BA-JMC एवं विशेष आमन्त्रित सदस्य, विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर | AKSingh |
| 13 | श्री अबु सुफ़ियान चौहान | कुलसचिव, एचजेयू एवं सदस्य सचिव, विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर | |

सुधि राजीव

**(प्रो. सुधि राजीव)**
**कुलपति**

**(अबु सुफ़ियान चौहान)**
*RAS*
**कुलसचिव**